**पश्चिम मध्य रेल**
**West Central Railway**

**महाप्रबंधक कार्यालय**
**जनसम्पर्क विभाग**
**जबलपुर**

# रीवा से मुंबई के मध्य स्पेशल ट्रेन की सेवा में विस्तार

जबलपुर 28 अगस्त। यात्रियों की मांग को देखते हुए और आगामी त्यौहारों एवं रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्ध्येश्य से रेल प्रशासन ने चल रही स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं की अवधि को विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी सांख्य 02187/02188 रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 13-13 ट्रिप की विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। विस्तारित स्पेशल ट्रेन के कोच सरंचना, समय और ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। विस्तारित अवधि का विवरण निम्नानुसार हैं।

**रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन**

**ट्रेन संख्या 02187 रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक (गुरुवार) स्पेशल, जो दिनांक 25.09.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 02.10.2025 से 25.12.2025 तक और चलेगी।** यह स्पेशल ट्रेन पमरे के सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशनों से होकर गुजरती है। (13 सेवाएं)
**ट्रेन संख्या 02188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा साप्ताहिक (शुक्रवार) स्पेशल, जो दिनांक 26.09.2025 तक अधिसूचित है, अब दिनांक 03.10.2025 से 26.12.2025 तक और चलेगी।** यह स्पेशल ट्रेन पमरे के हरदा, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। (13 सेवाएं)

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन स्पेशल ट्रेन की विस्तारित सेवाओं का लाभ उठाएँ। **रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस विस्तारित स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।**

स्पेशल ट्रेन के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/339/2025 दिनांक 28.08.2025
सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर